JAGRAN CITY PAGE III

# सेल्फ फाइनेंस कोर्सों के शिक्षकों को भी तय छुट्टियां

## लवि ने शैक्षिक सत्र के अनुसार निर्धारित किए अवकाश पांच हजार से ज्यादा शिक्षकों को होगा फायदा

**जागरण संवाददाता, लखनऊ:** लखनऊ विश्वविद्यालय (लवि) ने सेल्फ फाइनेंस कोर्सों में पढ़ाने वाले शिक्षकों को बड़ी राहत दी है। अब विश्वविद्यालय एवं सहयुक्त महाविद्यालयों में संचालित सेल्फ फाइनेंस कोर्सों में कार्यरत शिक्षकों को भी अवकाश की सुविधा मिलेगी। इसमें उन्हें आकस्मिक अवकाश, विशेष आकस्मिक अवकाश से लेकर अर्द्ध वेतन अवकाश, प्रसूति अवकाश और कर्तव्यावकाश (ड्यूटी लीव) भी मिल सकेगा। बीते दिनों सहित कमेटी की संस्तुति पर कार्य परिषद की बैठक में अनुमोदन मिलने के बाद शनिवार को कुलसचिव संजय मेधावी ने आदेश जारी कर दिए हैं। इस व्यवस्था से पांच हजार से ज्यादा शिक्षकों को फायदा होगा।

लवि में लखनऊ, हरदोई, सीतापुर, रायबरेली व लखीमपुर खीरी जिले की मिलाकर 545 महाविद्यालय जुड़े हैं। इनमें सेल्फ फाइनेंस कोर्सों में पांच हजार से ज्यादा शिक्षक कार्यरत हैं। अभी तक इन शिक्षकों को अवकाश स्वीकृत नहीं थे। इससे शिक्षक परेशान थे। लखनऊ विश्वविद्यालय ने इसके लिए 29 अगस्त को कमेटी गठित की थी। 31 अगस्त को कमेटी ने अपनी संस्तुति दे दी, जिसे पांच सितंबर को कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में हुई कार्य परिषद की बैठक में सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान कर दिया गया था। कुलसचिव संजय मेधावी ने बताया कि सेल्फ फाइनेंस कोर्सों में संचित पर कार्यरत सभी शिक्षकों के लिए यह अवकाश मान्य होगा। अनुमोदित

### नेशनल कालेज : वीसीए की सीटें भरीं, 22 से कक्षाएं

नेशनल पीजी कालेज में शनिवार को वीसीए पाठ्यक्रम में काउंसलिंग के लिए अभ्यर्थियों की भीड़ लगी रही ● तस्वीर ब्लाकेज

**आजमगढ़, लखनऊ :** लखनऊ यूनिवर्सिटी एसोसिएटेड कालेज मैनेजमेंट एडमिशन टेस्ट (लुआमैट) के अंतर्गत नेशनल पीजी कालेज एवं सात अन्य कालेजों के वीसीए पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए शनिवार से काउंसलिंग शुरू हो गई। पहले दिन काफी भीड़ रही। नेशनल कालेज की सभी 60 सीटें भरने के बाद कालेजों का विकल्प दिया गया। यहां भी कुछ सीटों पर अभ्यर्थियों ने प्रवेश लिया। कालेजों की खाली सीटों पर सोमवार को भी काउंसलिंग होगी। प्राचार्य प्रो. देवेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि बीसीए की कक्षाएं 22 सितंबर से ओरिएंटेशन प्रोग्राम के बाद शुरू होंगी। कक्षाओं में कम से कम 75 फीसद उपस्थिति भी अनिवार्य रहेगी।

### एमबीए, एमटीटीएम में प्रवेश के लिए साक्षात्कार कल से

लवि में एमबीए व एमटीटीएम (मास्टर आफ ट्रेरिज्म एंड ट्रेवल मैनेजमेंट) की प्रवेश परीक्षा हो चुकी है। सोमवार से साक्षात्कार शुरू होंगे। यह प्रक्रिया 22 सितंबर तक चलेगी। अभ्यर्थी उसी पेजबार विंडोज नगर एवं स्थान पर साक्षात्कार के लिए उपस्थित हों।

महाविद्यालय व्यवस्थापित शिक्षक संघ के बाद संयोजक डा.विनय कुमार ने आदेश का स्वागत किया है।

**ड्यूटी शिडिल वर्ष में मिलेगी ये अवकाश :** आकस्मिक अवकाश-आठ दिन, विशेष अवकाश-10 दिन, अर्द्ध आकस्मिक अवकाश-20 दिन (चिकित्सा प्रमाण पत्र के आधार पर), प्रसूति अवकाश-180 दिन(पूरे सेवाकाल में दो बार), कर्तव्यावकाश (ड्यूटी लीव)-15 दिन।

**आज भी करा सकते हैं आरक्षण प्रमाणपत्रों की जांच :** लवि ने परास्नातक प्रवेश में आरक्षण से लेकर स्पोर्ट्स एवं एनसीसी वेटेज का दावा करने वाले अभ्यर्थियों के प्रमाणपत्रों की जांच का एक और मौका दिया है। अभ्यर्थियों को रविवार को अपने प्रमाणपत्र लेकर विश्वविद्यालय के जेके ब्लाक में अधिकार्य पहुंचना होगा। यदि अभ्यर्थी ऐसा नहीं करते हैं तो उन्हें शैक्षिक आरक्षण एवं अधिभार का लाभ नहीं मिलेगा। लवि 7 से 10 से 17 सितंबर तक परास्नातक प्रवेश परीक्षाएं आयोजित की थीं। पीजी पाठ्यक्रमों में आवेदन के समय जिन अभ्यर्थियों ने अपने फार्म में यूनिवर्सिटी एम्प्लाई, फिजिकल हैंडीकैप, भूतपूर्व सैनिक, स्वतंत्रता सेनानी, कालेज टीचर आदि के अंतर्गत आरक्षण या स्पोर्ट्स व एनसीसी प्रमाण पत्र होने का दावा किया था। उन्हें एडमिशन परीक्षा वाले दिन केंद्र पर इन प्रमाणपत्रों की जांच कराने का दावा किया था। उन सभी को प्रवेश परीक्षा वाले दिन केंद्र पर इन प्रमाणपत्रों की जांच करानी थी। यदि अभ्यर्थी जांच नहीं कर पाए हैं तो उन्हें एक और मौका दिया है। प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर की ओर से जारी नोटिस के मुताबिक ऐसे अभ्यर्थी 18 सितंबर को जेके ब्लाक के कार्यालय में संबंधित मूल प्रमाण पत्रों की जांच अनिवार्य रूप से करा लें, अन्यथा आरक्षण का लाभ नहीं मिल सकेगा।

### नए निदेशक नियुक्त

**लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय ने अपने तीन संस्थानों में शनिवार को नए निदेशक नियुक्त कर दिए हैं। जूलाजी विभाग की प्रो. शैली मलिक को डा. गिरी लाल गुप्ता इंस्टीट्यूट आफ पब्लिक हेल्थ एंड पब्लिक अफेयर्स का निदेशक बनाया गया है। इनका कार्यकाल तीन साल या अगले आदेशों तक मान्य होगा। केमिस्ट्री विभाग के डा. नरेंद्र कुमार सिंह को इंस्टीट्यूट आफ फूड प्रोसेसिंग एंड टेक्नोलाजी व विधि विभाग के डा. वरुन छाछर को डा. शंकर दयाल शर्मा इंस्टीट्यूट आफ डेमोक्रेसी का निदेशक नियुक्त किया गया है। (जासं)

### समय बढ़ाया

**लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय ने शोधार्थियों के शोध ग्रंथ जमा करने की तिथि छह माह के लिए बढ़ा दी है। अभी तक 30 जून तक ही समय दिया गया था। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की ओर से इस संबंध में पहले ही पत्र जारी किया जा चुका था, जिसे बीते पांच सितंबर को हुई कार्य परिषद की बैठक में भी अनुमोदन दे दिया गया। शनिवार को कुलसचिव संजय मेधावी ने सभी विभागाध्यक्षों एवं समन्वयक को पत्र जारी कर दिया है। (जासं)

AMRIT VICHAR PAGE 5

# थारू जनजाति के बीच पहुंची लखनऊ विश्वविद्यालय की टीम

## जनजाति समुदाय की 72 महिलाओं को उद्यमिता विकास के लिए मछली पकड़ने के जाल, बीज, जैविक खाद वितरित

अमृत विचार संवाददाता

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय की ओर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्मदिन शनिवार को अनूठे तरीके से मनाया गया। कुलपति आलोक कुमार राय विश्वविद्यालय में कोई समारोह न कर करीब 250 किलोमीटर दूर लखीमपुर में थारू जनजाति के बीच पहुंचे। वहां उन्होंने जनजाति की 72 महिलाओं को उद्यमिता विकास के लिए मछली पकड़ने के जाल, बीज, जैविक खाद, मिष्ठान आदि वितरित किए गए।

विश्वविद्यालय के मानव विज्ञान विभाग और भाउराव देवरस शोध पीठ के संयुक्त तत्वाधान में लखीमपुर के एक डिग्री कॉलेज में आयोजित सादे समारोह में प्रो. आलोक कुमार राय ने कहा कि आज विश्वकर्मा जयंती है, जो कामगारों के उपकरणों के देवता है। यह जनतंत्र को अधिक व्यापक बनाने का पर्व है। प्रधानमंत्री लगातार जनजातियों के योगदान की स्वीकृत बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं।

**स्नातक में प्रवेश के लिए काउंसिलिंग-** लखनऊ विश्वविद्यालय की स्नातक प्रवेश प्रक्रिया के तहत बीएससी, बीकॉम में प्रवेश काउंसिलिंग प्रक्रिया चल रही है। इसमें उन अभ्यर्थियों को जिनका नाम कम्पलीट मेरिट लिस्ट में है, को अपनी प्राथमिकता के अनुसार विश्वविद्यालय, महाविद्यालय का विकल्प भरने होंगे। प्रवक्ता दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि बीकॉम एनईपी, बीकॉम आनर्स, बीएफए, बीवीए, एलएलबी पांच वर्षीय, बीबीए, बीसीए, बीफार्मा, बीएससी एग्रीकल्चर बीएलएड में लगभग 5000 अभ्यर्थियों ने ऑनलाइन काउंसिलिंग के लिए पंजीकरण करा लिया है। वहीं लगभग 4500 छात्रों ने अपनी च्वॉइस फिलिंग पूरी कर दी है।

**पुनर्वास विश्वविद्यालय के विभागाध्यक्ष का यूएसए में चयन-** राजधानी के पुनर्वास विश्वविद्यालय में विशेष शिक्षा संकाय के दृष्टिबाधिता विभाग के विभागाध्यक्ष डा विजय शंकर शर्मा का " पर्किन्स दृष्टिबाधित विद्यालय " संयुक्त राज्य अमेरिका में चयन हुआ। दृष्टिबाधिता के क्षेत्र में कार्य करने वाला एक लब्ध प्रतिष्ठित संस्थान है जिसके द्वारा पर्किन्स एजूशनल लीडरशिप प्रोग्राम का आयोजन विगत 100 वर्षों से अधिक समय से किया जाता है जो कि 9 माह का होता है और दृष्टिदिव्यांगता के साथ अन्य दिव्यांगताओं जैसे बधिरान्धता, दृष्टिदिव्यांगता सहित बहु विकलांगता वाले बालकों एवं व्यक्तियों की शिक्षा एवं पुनर्वास के क्षेत्र में विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। डॉ शर्मा विगत 22 वर्षों से दिव्यांगता के क्षेत्र में विभिन्न केंद्र एवं राज्य सरकारों के संस्थानों एवं विश्वविद्यालयों में अपनी सेवायें दे रहे हैं।

**भाषा विश्वविद्यालय में याद किए गये विश्वकर्मा जी-** भाषा विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संकाय ने विश्वकर्मा पूजा का आयोजन किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के मैकेनिकल एवं सिविल की प्रयोगशाला में विधि विधान से सभी उपकरणों एवं भगवान विश्वकर्मा का पूजन किया गया। पूजा का आयोजन मैकेनिकल विभाग के इंचार्ज इंजीनियर विवेक बाजपेयी ने किया। पूजा का आरंभ कुलपति प्रो एन बी सिंह, संकाय निर्देशक प्रो संजीव त्रिवेदी ने किया।

**आयोजन**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मनाया गया जन्मदिन

### पीएम पर पोस्टर प्रदर्शनी भी लगाई गई

इस अवसर पर मत्स्य विभाग की ओर से पोस्टर प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया। इसमें बालिकाओं द्वारा नरेंद्र मोदी के पोस्टरों लगाए गए। साथ ही स्थानीय थारू कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया गया।

कुलपति आलोक कुमार राय व अन्य का स्वागत करतीं थारू जनजाति समुदाय की महिलाएं। अमृत विचार

### दुस्कियां गांव में वीसी ने बांटी मिठाई

इसके बाद कुलपति दुस्कियां गांव गए और वहां बच्चों को मिठाई, टॉफी और बिस्कुट आदि वितरित किए। कार्यक्रम में कुलपति की धर्मपत्नी श्रीमती संगीता राय, उनकी पुत्री रितान्या, भाऊ राव देवरस शोध पीठ के प्रो. सोमेश शुक्ल, डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. पूनम टंडन, कार्यक्रम की समन्वयक एवं मानव विज्ञान की हेड डॉ. केया पाण्डेय, डीन अकेडमिक्स प्रो राकेश चंद्रा, डीन कॉलेज डेवलपमेंट कौंसिल प्रो. अवधेश त्रिपाठी, हेड एमबीए प्रो. संगीता साहू, प्रॉक्टोरियल टीम के सदस्य एवं विभिन्न ग्राम सभाओं के अनेक प्रतिभागी मौजूद थे।

HINDUSTAN PAGE 5

RASHTRIAYA SAHARA PAGE 5

# रविवार को प्रमाण पत्रों की जांच कराएं क्षैतिज आरक्षण के छूटे अभ्यर्थी

लखनऊ (एसएनबी)। लखनऊ विश्वविद्यालय परास्नातक प्रवेश परीक्षा (2022-23 ) के अंतर्गत जिन अभ्यर्थियों ने क्षैतिज आरक्षण यूई, सीटी, पीएच, एफएफ, ईएस आर्मी, डीपी के लिए अथवा स्पोर्ट व एनसीसी के अधिभार के लिए अपने फॉर्म में भरा था, उन्हें प्रवेश परीक्षा के दिन ही अपने मूल प्रमाण पत्रोंकी जांच परीक्षा केन्द्र पर करानी थी। परन्तु यदि परास्नातक प्रवेश परीक्षा के दिन विवि में किसी कारणवश इन आरक्षण से सम्बंधित मूल प्रमाणपत्रों की जांच नहीं करा पाया है तो उन्हें विश्वविद्यालय एक और मौका दे रहा है। ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने उपरोक्त क्षैतिज आरक्षण अथवा अधिभार से सम्बंधित प्रमाणपत्रों की जांच नहीं करायी है, वह 18 सितम्बर 2022 को प्रातः 10 बजे जेके ब्लाक, समाज कार्य विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय ओल्ड कैंपस में आकर अपने उपरोक्त प्रमाणपत्रों की जाँच अवश्य करा ले अन्यथा उन्हें उपरोक्त क्षैतिज आरक्षण एवं अधिभार का लाभ अनुमन्य नहीं किया जाएगा।

**लवि में बीबीए, बीसीए व डी फार्मा की काउंसिलिंग शुरू :** लखनऊ विवि की स्नातक प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत बीबीए, बीसीए व डी फार्मा पाठ्यक्रमों की काउंसेलिंग प्रक्रिया शनिवार को अपराह्न से प्रारम्भ हो गयी जो 20 सितम्बर तक चलेगी। इसमें उन अभ्यर्थियों को जिनका नाम कम्पलीट मेरिट लिस्ट में है, को अपनी प्राथमिकता के अनुसार विवि एवं महाविद्यालय का विकल्प भरना होगा। काउंसलिंग में उन्ही अभ्यर्थियों को अनुमति है जिनका नाम और रैंक कम्पलीट मेरिट लिस्ट में है।

**लविवि में पीजी प्रवेश परीक्षा संपन्न :** लखनऊ विवि में शनिवार को पीजी प्रवेश परीक्षा समाप्त हो गई। आखिरी दिन दो पाली में मानव विज्ञान, कामर्स, बायोटेक, पब्लिक हेल्थ, एमएससी स्टैटिस्टिक्स- बायो स्टैटिस्टिक्स एवं जूलॉजी विषय के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया। पहली पाली में हुई मानव विज्ञान की परीक्षा में 77 अभ्यर्थी शामिल हुए और 21 ने परीक्षा छोड़ दी। कामर्स में सबसे ज्यादा 1,193 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी ओर 388 ने परीक्षा छोड़ी।

**200 छात्र-छात्राओं को लैपटॉप का वितरण आज :** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में रविवार को अपराह्न दो बजे संबद्ध संस्थानों के 200 मेधावी छात्र छात्राओं में लैपटॉप का वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल होंगे।

**नेशनल पीजी कॉलेज में 22 से शुरू लेंगी वीसीए की कक्षाएं :** नेशनल पीजी कॉलेज में शनिवार को नये सत्र 2022-23 के लिए लुआमैट-2022 के अन्तर्गत वीसीए पाठ्यक्रम की काउन्सलिंग प्रारम्भ हुई। लुआमैट-2022 के अन्तर्गत वीसीए में आठ महाविद्यालयों में 540 सीटें है। छात्र/छात्राओं को अपनी काउन्सलिंग के लिए समस्त मूल प्रमाण पत्रो के वेरिफिकेशन के साथ अपनी वरीयता के अनुसार वीसीए में प्रवेश दिया जा रहा है। नेशनल पीजी कालेज में वीसीए की 60 सीटों पर दाखिला होने पश्चात अन्य महाविद्यालयों में छात्र/छात्राओं ने दाखिला लिया। नेशनल पीजी कालेज में वीसीए के छात्र/छात्राओं की कक्षायें दिनांक 22 सितम्बर से ओरिएन्टेशन कार्यक्रम के बाद प्रारम्भ होंगी।

### पुण्यतिथि पर योगेश नंदन को दी गयी श्रद्धांजलि

लखनऊ विवि छात्रसंघ के सत्र 1992-93 में उपाध्यक्ष रहे, अधिवक्ता, सामाजिक कार्यकर्ता, सामाजिक सरोकारी योगेश नंदन योगी को सहपाठी मित्रो ने उनकी प्रथम पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर अपनी स्मृतियों को साझा करते हुए जनसरोकारों के पक्षकार एवं वरिष्ठ पत्रकार नवल कांत सिन्हा ने योगी के जीवन दर्शन पर चर्चा की। वरिष्ठ पत्रकार रमेश प्रताप सिंह, पूर्व महामंत्री अनिल सिंह वीरू, जितेंद्र सिंह सहित कई मित्रो ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये योगी को अपनी भावांजलि अर्पित की। योगी की स्मृति में राष्ट्र गौरव शर्मा के नेतृत्व में अयोध्या में निःशुल्क नेत्र शिविर लगाया गया। ऐसे ही विजय श्री फाउंडेशन की भोजन प्रसाद सेवा लखनऊ के फुडमेन विशाल सिंह ने केजीएमयू और लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में योगी को याद करते हुए भोजन समर्पित किया। इस अवसर पर प्रमुखरूप से सौरभ सिंह बवरंगी, राजेश शर्मा 'नाना', नागेंद्र सिंह अधिवक्ता, राकेश त्रिपाठी रक्कू, समीर श्रीवास्तव आदि ने अपनी भावनाएं व्यक्त की।

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

# बीबीए, बीसीए, डीफार्मा की काउंसिलिंग आज से

## नए सत्र की स्नातक प्रवेश प्रक्रिया के लिए लविवि ने जारी किए दिशा-निर्देश

माई सिटी रिपोर्टर

**लखनऊ।** लविवि की नए सत्र 2022-23 की स्नातक प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत बीबीए, बीसीए व डीफार्मा कोर्सों की अंतरराज्य प्रवेश काउंसिलिंग रविवार 18 सितंबर से शुरू हो रही है जो 20 सितंबर तक चलेगी। इसमें वे अभ्यर्थी शामिल हो सकते हैं जिनका नाम मेरिट लिस्ट में है।

प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि काउंसिलिंग में सबसे पहले अभ्यर्थियों को पूर्व में दिए गए लॉगिन का प्रयोग कर पंजीकरण करना होगा। विवि प्रशासन के अनुसार, बीबीए एमबीए, बीसीए, डीफार्मा, एग्रीकल्चर, इंटीरियर, बीएलएड, बीएससी एग्रीकल्चर, बीएलएड कोर्सों में 5000 अभ्यर्थियों ने ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराया है। साथ ही 4500 ने अपनी च्वॉइस भी भर दी है।

लविवि की पीजी प्रवेश परीक्षा 2022-23 के अंतर्गत जिन अभ्यर्थियों ने क्षैतिज आरक्षण (यूई, सीटी, पीएच, एफएफ, भूतपूर्व सैनिक, डीपी या सेलेक्ट व एनसीसी) के अधिभार के लिए आवेदन किया था। उन्हें प्रवेश परीक्षा के दिन ही अपने मूल प्रमाण पत्रों की जांच परीक्षा केंद्र पर करानी थी। किंतु यदि किसी कारण से जांच नहीं करा पाए हैं तो वे अभ्यर्थी 18 सितंबर को सुबह 10 बजे लविवि के जेके ब्लॉक, ओल्ड कैंपस में आकर अपने प्रमाण पत्रों की जांच कर लें।

प्रमाण पत्रों की जांच न कराने पर क्षैतिज आरक्षण व अधिभार का लाभ नहीं मिल पाएगा।

### पीजी आवेदक आज करा सकेंगे मूल प्रमाण पत्रों की जांच

### नेताजी सुभाष में बीएससी मैथ की सीटें खाली

नेताजी सुभाष चंद्र बोस राजकीय पीजी कॉलेज

**लखनऊ।** नेशनल पीजी कॉलेज में शनिवार को लुआमैट-2022 के अंतर्गत बीसीए की प्रवेश काउंसिलिंग शुरू हुई। इसके अंतर्गत आठ कालेजों में 540 सीटें हैं। काउंसिलिंग में नेशनल पीजी कॉलेज के अतिरिक्त कालेज ऑफ इंजीनियरिंग मैनेजमेंट स्टडीज, इंटीग्रल एज इंजीनियरिंग साइंसेज कालेज, लखनऊ पब्लिक कालेज ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज, माँडर्न मानर्स कालेज ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज, सहारा ऑफ मैनेजमेंट सहारा, सेलेबुल कालेज ऑफ प्रोफेशनल मैनेजमेंट व क्रीएटिव स्वकल इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज शामिल हैं। पहले दिन प्रवेश के लिए 350 अभ्यर्थियों को बुलाया था। इसमें से 170 ने अपना प्रवेश सुनिश्चित कराया। नेशनल पीजी में बीसीए की सभी 60 सीटों पर प्रवेश पूरा हो गया। बीसीए के छात्र-छात्राओं की कक्षायें 22 सितंबर से शुरू होंगी। काउंसिलिंग सोमवार को भी जारी रहेगी। (माई सिटी रिपोर्टर)

### थारू जनजाति के लोगों के बीच पहुंचा लखनऊ विवि

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने राजधानी से लगभग 250 किलोमीटर दूर लखीमपुर खीरी में थारू जनजाति के लोगों के बीच पीएम नरेंद्र मोदी का जन्मदिन मनाया। साथ ही उनके उद्यमिता विकास की पहल की शुरुआत भी की। मानव विज्ञान विभाग व भाउराव देवरस शोध पीठ के संयुक्त तत्वावधान में 72 चिन्हित परिवारों को उद्यमिता विकास के लिए मछली पकड़ने का जाल, बीज, जैविक खाद और मिष्ठान का वितरण किया।

भारत-नेपाल बॉर्डर पर चंदन चौकी में हुए कार्यक्रम में कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने कहा कि पीएम के जन्मदिन को हम जनजातीय उद्यमिता विकास के रूप में मना रहे हैं। मत्स्य विभाग ने प्रशिक्षण दिया व स्थानीय थारू कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। भाऊराव देवरस शोध पीठ के प्रो. सोमेश शुक्ल आदि मौजूद रहे। (माई सिटी रिपोर्टर)

# साढ़े चार हजार अभ्यर्थियों ने स्नातक में चुने विकल्प

**एलयू**

**लखनऊ, कार्यालय संवाददाता।** लखनऊ विश्वविद्यालय स्नातक पहले चरण की ऑनलाइन काउंसलिंग शुरू हो चुकी है। दूसरे दिन बीकॉम, बीकॉम आनर्स, बीएफए-बीवीए, एलएलबी पांच वर्षीय, बीजेएमएसी की काउंसलिंग में पांच हजार अभ्यर्थियों ने पंजीकरण प्रक्रिया पूरी की। शनिवार शाम छह बजे तक 4500 अभ्यर्थियों ने च्वाइस फिलिंग की।

काउंसलिंग में शामिल होने के लिए अभ्यर्थियों के पास 18 सितम्बर तक मौका है। प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि अभ्यर्थियों को रैंक के आधार पर दो दिन में आवंटन लेटर मिलेगा। बीबीए, बीसीए और डीफार्मा की काउंसलिंग 18 से करने की घोषणा की थी लेकिन 17 से शुरू कर दी गई।

### प्रमाण पत्र जांच का मौका

पीजी प्रवेश परीक्षा में अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र जांच कराने के लिए एक और मौका दिया है। ऐसे अभ्यर्थी जो किसी कारण प्रमाण पत्रों की जांच नहीं करा पाएं वे 18 सितम्बर को जेके ब्लॉक समाज कार्य विभाग में सुबह 10 बजे आरक्षण और वेटेज प्रमाण पत्र की जांच करा सकते हैं।

### कामर्स में 1193, जूलॉजी में 634 ने दी परीक्षा

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में शनिवार को पीजी प्रवेश परीक्षा खत्म हो गई। आखिरी दिन दो पाली में मानव विज्ञान, कामर्स, बायोटेक, पब्लिक हेल्थ, एमएससी स्टैटिस्टिक्स- बायो स्टैटिस्टिक्स एवं जूलॉजी विषय के लिए प्रवेश परीक्षा हुई। पहली पाली में हुई मानव विज्ञान की परीक्षा में 77 अभ्यर्थी शामिल हुए और 21 ने परीक्षा छोड़ी। कामर्स में सबसे ज्यादा 1193 ने परीक्षा दी।

### सेल्फ फाइनेंस शिक्षकों के अवकाश पर लगी मुहर

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय और डिग्री कॉलेजों में अब सेल्फ फाइनेंस पाठ्यक्रमों के शिक्षकों को भी निर्धारित अवकाश मिलेगा। इस सम्बंध में लखनऊ विश्वविद्यालय कुलसचिव प्रो. संजय मेधावी ने आदेश जारी कर दिया गया है। सेल्फ फाइनेंस के शिक्षकों को एक शैक्षिक वर्ष में आठ दिन आकस्मिक अवकाश, 10 दिन विशेष आकस्मिक, 20 दिन अर्द्ध वेतन अवकाश एवं 15 दिन कर्तव्यावकाश दिए जाएंगे।

VOICE OF LUCKNOW PAGE 6

TRUE TIMES PAGE 1

# पीएम के जन्मदिन पर लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा अद्भुत कार्यक्रम का आयोजन

टू टाइम्स संवाददाता

लखनऊ से लगभग 250 किलोमीटर दूर जनजाति अंचल में थारू जनजाति के महिला, पुरुष, युवाओं के साथ मानव विज्ञान विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय एवं भाउराव देवरस शोध पीठ, लखनऊ विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में 72 चिन्हित परिवारों को उद्यमिता विकास हेतु मछली पकड़ने के जाल, बीज, जैविक खाद, मिष्ठान आदि वितरित किए गए।

कुलपति प्रो आलोक कुमार राय ने कहा कि विश्वकर्मा जयंती है, जो कामगारों के उपकरणों के देवता है। यह जनतंत्र को अधिक व्यापक बनाने का पर्व है। प्रधानमंत्री लगातार जनजातियों के योगदान की स्वीकृत बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं और यह समीचीन है कि उनके जन्मदिवस को हम 'जनजातीय उद्यमिता विकास' द्वारा मनाएं। थारू जनजाति एक मेहनतकश कृषि प्रधान जनजाति है। यहां के स्त्री-पुरुष हथकरघा मत्स्य-पालन एवं कृषि से जीविकोपार्जन करते हैं। कुलपति ने जनजाति सदस्यों को ऊर्जावान होने पर बधाई दी और विशेष रूप से निस्वार्थ सेवा करने वाले को निर्विरोध प्रधान व ग्रामीण महिलाओं को सम्मानित करने पर साधुवाद दिया।

कुलपति ने कहा कि आज हम ऊर्जावान प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर ऊर्जावान संस्थान की तरफ से ऊर्जावान लोगों के बीच माननीय प्रधानमंत्री का जन्मदिन मनाने आए हैं।

मत्स्य विभाग द्वारा प्रशिक्षण, स्थानीय थारू कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं बालिकाओं द्वारा नरेंद्र मोदी के पोस्टरों का विशेषता रही।

इसके पश्चात कुलपति दुस्कियां गांव गए और वहां बच्चों को मिठाई, टॉफी और बिस्कुट आदि वितरित किए।

इस कार्यक्रम में कुलपति की धर्मपत्नी संगीता राय, उनकी पुत्री रितान्या, कार्यक्रम की समन्वयक एवं मानव विज्ञान की हेड डा केया पाण्डेय, भाऊ राव देवरस शोध पीठ के प्रो सोमेश शुक्ल, डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो पूनम टंडन, डीन अकेडमिक्स प्रो राकेश चंद्रा, डीन कॉलेज डेवलपमेंट कौंसिल प्रो अवधेश त्रिपाठी, हेड एम बी ए प्रो संगीता साहू, प्रॉक्टोरियल टीम के सदस्य एवं विभिन्न ग्राम सभाओं के अनेक प्रतिभागियों ने इस क्षेत्र में प्रधानमंत्री का जन्म दिवस मनाया।

एक दायित्वपूर्ण दूरदर्शी, समावेशी, राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रति पूर्णतया प्रतिबद्ध विश्वविद्यालय किस तरह अपने ज्ञान एवं संवेदना को व्यापक रूप दे सकता है, यह उसका एक मिसाल है।

VOICE OF LUCKNOW PAGE 6

# लविवि में उद्यमिता विकास के रूप में मना प्रधानमंत्री मोदी का जन्मदिन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 72वें जन्मदिवस पर लखनऊ विश्वविद्यालय ने शनिवार को एक अद्भुत कार्यक्रम आयोजित किया। राजधानी से लगभग 250 किलोमीटर दूर लखीमपुर की चंदन चौकी में जनजाति अंचल में थारू जनजाति के महिला, पुरुष, युवाओं के साथ लखनऊ विश्वविद्यालय के मानव विज्ञान विभाग एवं भाउराव देवरस शोध पीठ के संयुक्त तत्वावधान में 72 चिन्हित परिवारों को उद्यमिता विकास के लिए मछली पकड़ने के जाल, बीज, जैविक खाद, मिष्ठान आदि वितरित किये गये।

थारू जनजाति के लोगों को मछली पकड़ने के जाल, बीज, जैविक खाद, मिष्ठान देते कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय

कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने कहा कि आज विश्वकर्मा जयंती है, जो कामगारों के उपकरणों के देवता है। यह जनतंत्र को अधिक व्यापक बनाने का पर्व है। प्रधानमंत्री लगातार जनजातियों के योगदान की स्वीकृत बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं और यह समीचीन है कि उनके जन्मदिवस को हम जनजातीय उद्यमिता विकास द्वारा मनाये। थारू जनजाति एक मेहनतकश कृषि प्रधान जनजाति है। यहां के स्त्री-पुरुष हथकरघा मत्स्य-पालन एवं कृषि से जीविकोपार्जन करते हैं। कुलपति ने जनजाति सदस्यों को ऊर्जावान होने पर बधाई दी और विशेष रूप से निस्वार्थ सेवा करने वाले को निर्विरोध प्रधान व ग्रामीण महिलाओं को सम्मानित करने पर साधुवाद दिया।

मत्स्य विभाग ने प्रशिक्षण, स्थानीय थारू कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं बालिकाओं द्वारा नरेंद्र मोदी के पोस्टरों का प्रदर्शन इस कार्यक्रम की विशेषता रही। इसके बाद कुलपति दुस्कियां गांव गये और वहां बच्चों को मिठाई, टॉफी और बिस्कुट आदि वितरित किये। कार्यक्रम में कुलपति की धर्मपत्नी संगीता राय, उनकी रितान्या, कार्यक्रम की समन्वयक एवं मानव विज्ञान की हेड डॉ. केया पाण्डेय, भाऊ राव देवरस शोध पीठ के प्रो. सोमेश शुक्ल आदि प्रॉक्टोरियल टीम के सदस्य एवं विभिन्न ग्राम सभाओं के अनेक प्रतिभागियों ने इस क्षेत्र में प्रधानमंत्री का जन्म दिवस मनाया।

### गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार देकर मनाया जन्मदिन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर शनिवार को महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष गीता शाक्य की अध्यक्षता में प्रताप नगर वार्ड इंदिरा नगर घोसीपुरवा आंगनबाड़ी सेंटर पर सफाई कर पौधरोपण हुआ। गर्भवती व धात्री महिलाओं को पौष्टिक आहार देकर प्रधानमंत्री के जन्मदिवस को मनाया। गीता शाक्य ने कहा कि स्वस्थ महिला स्वस्थ शिशु को जन्म देती है और स्वस्थ शिशु स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण करता है इसलिए समाज के पहले क्रम मैं सुधार अत्यंत आवश्यक है। महिला मोर्चा की प्रत्येक कार्यकत्रीप्रदेश की एक-एक आंगनवाड़ी को गोद लेकर 17 से 25 दिसंबर तक आंगनबाड़ी केंद्र में सेवा का कार्य करेगी। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष कल्पना तिवारी, चेतना पांडेय, पूजा मिश्रा, रिशू भाटिया, सीता नेगी, अंजू रस